भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 275 का उत्तर

वंदे भारत रेलगाड़ियां

275. श्री सुब्बारायण के.:
श्री सेल्वाराज वी.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अब तक शुरू की गई वंदे भारत रेलगाड़ियों सहित प्रत्येक मार्ग की बारंबारता का ब्यौरा क्या है;
(ख) आगामी वर्ष के दौरान कितनी वंदे भारत रेलगाड़ियों को शुरू करने का प्रस्ताव है;
(ग) क्या केंद्र सरकार की वंदे भारत शयनयान रेलगाड़ियां शुरू करने की कोई योजना है;
(घ) यदि हां, तो किन-किन मार्गों का चयन किया गया है और इसे कब तक चालू किए जाने की संभावना है;
(ङ) क्या यह सच है कि वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू किए जाने के पश्चात् ऐसे मार्गों पर अन्य रेलगाड़ियों के समय-सारणी में अत्यधिक विलंब हुआ है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु अन्य रेलगाड़ियों की समय-सारणी में परिवर्तन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): 19 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 102 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं चल रही हैं, जो बड़ी लाइन के विद्युतीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ती हैं, जिन्हें सप्ताह में 06 दिन चलाया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नए संस्करणों सहित वंदे भारत सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात के औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

(ङ) और (च): भारतीय रेलों पर, वंदे भारत सेवाओं सहित यात्री रेलगाड़ी सेवाएं, अन्य सेवाओं को बाधित किए बिना, निर्धारित समय-सारणी और रेलगाड़ियों की प्राथमिकता के सामान्य समय-क्रम के अनुसार प्रचालित की जाती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल रेलगाड़ियों को उनके निर्धारित समयानुसार चलाने का पूरा प्रयास करती है।

*****

s.k